राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 953 / 2023 दिनांकः— 03 मार्च, 2023

सेवा में, **अति आवश्यक / समयबद्ध / अनुस्मारक**

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबंधक,
बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः— सत्र 2023—24 हेतु बी0एड0 पाठ्यक्रम की संबद्धता के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या आर0एम0पी0यू0 / 399 / 2023 दिनांक 25 जनवरी, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा निर्देशित किया गया था कि आपके महाविद्यालय में संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रम हेतु सत्र 2023—24 का संबद्धता पत्र, शिक्षक अनुमोदन पत्र एवं प्रबंध समिति अनुमोदित होने का प्रमाण दिनांक 31.01.2023 तक विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

अत्यन्त खेद के साथ अवगत कराना है कि अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा वांछित विवरण संबंधी पत्रावली उपलब्ध नहीं करायी गयी है। एन0सी0टी0ई0 रेगूलेशन में की गयी व्यवस्था के अनुसार जिस महाविद्यालय में मानकानुसार शिक्षक नहीं है एवं उनकी सत्र 2023—23 के संचालन हेतु बी0एड0 पाठ्यक्रम की संबद्धता नहीं होगी, उनका नाम संयुक्त प्रवेश परीक्षा—2023 में सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य / प्रबंधतत्र का होगा।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है कि **सत्र 2023—24 हेतु बी0एड0 पाठ्यक्रम की संबद्धता का पत्र, प्राचार्य एवं शिक्षक अनुमोदन एवं उनको नियमित रूप से दिये जाने वाले वेतन भुगतान का प्रमाण के साथ, प्रबंध समिति के अद्यावधिक अनुमोदित होने का प्रमाण के प्रपत्र सहित पत्रावली दिनांक 15 मार्च, 2023 तक प्रत्येक दशा** में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

03/3/23
(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाईल।

03/03/23
सहायक कुलसचिव

PKRL